**हरियाणा विधान सभा**

**सोमवार, 7 मार्च, 2022**

*को होने वाली हरियाणा विधान सभा की बैठक में पूछे जाने वाले*

**तारांकित प्रश्न**

---

**खारे पानी की समस्या का समाधान करना**

***1718. श्री आफताब अहमद, एम०एल०ए०:** क्या मुख्यमन्त्री कृपया बताएंगे कि–

(क) क्या यह तथ्य है कि जिला नूंह के गांवों हुसैनपुर, सतपुतिया, बाहुपुर तथा रायपुरी में गत् 2 वर्षों में खारे भू–जल का स्तर बहुत बढ़ गया है जिसके कारण किसानों की कृषि भूमि निम्न कोटी की हो गई है; यदि हां, तो उपरोक्त समस्या के समाधान के लिए सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गई या किए जाने की संभावना है; तथा उसका ब्यौरा क्या है; तथा

(ख) जिला नूंह के गांवों अकेड़ा, रिथोड़ा तथा चन्दैनी गांवों जैसे निचले क्षेत्र में पानी की निकासी के लिए सरकार द्वारा क्या प्रबन्धन किये हैं तथा इसका ब्यौरा क्या है ?

---

**वन अनुसंधान संस्थान खोलना**

***1734. श्री घनश्याम दास अरोड़ा, एम०एल०ए०:** क्या वन मंत्री कृपया बताएंगे कि–

(क) क्या यमुना नगर प्लाई बोर्ड उद्योग को प्रोत्साहित करने के क्रम में यमुना नगर में वन अनुसंधान संस्थान या कृषि वानिकी विश्वविद्यालय खोलने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो इसके कब तक खोले जाने की संभावना है ?

---

**विद्यार्थियों को टैबलेट उपलब्ध कराना**

***1664. श्री वरूण चौधरी, एम०एल०ए०:** क्या शिक्षा मन्त्री कृपया बताएंगे कि–

(क) क्या राज्य के राजकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों को टैबलेट उपलब्ध करवाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है; तथा

(ख) उपरोक्त प्रस्ताव के कब तक कार्यान्वित किए जाने की संभावना है ?

---

**महिला महाविद्यालय खोलना**

***1526. श्री अमरजीत ढांडा, एम०एल०ए०:** क्या शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि–

(क) क्या जुलाना विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र के गांव गतौली में महिला महाविद्यालय खोलने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो इसके कब तक खोले जाने की संभावना है ?

---

### अस्पताल में सुविधाएं उपलब्ध करवाना

***1793. श्री लक्ष्मण नापा, एम०एल०ए०:** क्या स्वास्थ्य मन्त्री कृपया बताएंगे कि–

(क) क्या यह तथ्य है कि रतिया के सामान्य अस्पताल में अल्ट्रासाउंड तथा ब्लड बैंक की सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त अस्पताल में उक्त सुविधाएं कब तक उपलब्ध करवाये जाने की संभावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है ?

---

### नीलोखेड़ी को उप–मंडल के रूप में घोषित करना

***1794. श्री धर्मपाल गोंदर, एम०एल०ए०:** क्या उप–मुख्यमन्त्री कृपया बताएंगे कि–

(क) क्या नीलोखेड़ी को उप–मंडल के रूप में घोषित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो नीलोखेड़ी को उप–मंडल के रूप में कब तक घोषित किए जाने की संभावना है ?

---

### सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की नई इमारत का निर्माण करना

***1576. डॉ० अभय सिंह यादव, एम०एल०ए.:** क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि–

(क) क्या महेन्द्रगढ़ जिले में नांगल चौधरी में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की नई इमारत का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त इमारत के कब तक निर्मित किये जाने की संभावना है ?

---

### आंगनवाडी कार्यकर्ताओं को शिक्षक प्रशिक्षण

***1486. श्रीमती किरण चौधरी, एम०एल०ए०:** क्या महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री कृपया बताएंगे कि–

(क) क्या राज्य में पहली और दूसरी कक्षा के छात्रों को पढ़ाने के कोई निर्देश आंगनवाडी कार्यकर्ताओं के लिए सरकार द्वारा जारी किये गये हैं;

(ख) क्या उपरोक्त आंगनवाडी कार्यकर्ताओं को सरकार द्वारा कोई शिक्षक प्रशिक्षण प्रदान किए जाने की संभावना है;

(ग) क्या सरकार द्वारा आंगनवाडी कार्यकर्ताओं का वेतन राज्य के जे.बी.टी. अध्यापकों के बराबर बढ़ाने की संभावना है;

(घ) क्या सरकार द्वारा आंगनवाडी कार्यकर्ताओं के पद के लिए निर्धारित मानदंड उक्त कार्यकर्ताओं को शिक्षक के पद पर कार्य करने की अनुमति प्रदान करते हैं?

---

### एक राजकीय महाविद्यालय खोलना

***1636. मोहम्मद इलियास, एम०एल०ए०:** क्या शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि पुन्हाना विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में एक राजकीय महाविद्यालय खोलने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है ?

---

### चारमार्गी सड़क का निर्माण करना

***1609. राव दान सिंह, एम०एल०ए०:** क्या उप–मुख्यमन्त्री कृपया बताएंगे कि–

(क) क्या महेन्द्रगढ़ से रेवाड़ी वाया कनीना सड़क को चार मार्गी निर्मित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त सड़क का निर्माण कार्य कब तक आरम्भ किए जाने की संभावना है ?

---

### ऑटोमार्किट को स्थानांतरित करना

***1769. श्री भारत भूषण बतरा, एम०एल०ए०:** क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या यह तथ्य है कि रोहतक में सैक्टर–18, 18–ए, सैक्टर 21 तथा 21–ए को विकसित करने के पश्चात् सभी ऑटोमार्किट जैसे सुभाष रोड, हिसार रोड, माल गोदाम रोड तथा काठ मंडी को स्थानांतरित करने का सरकार का कोई प्रस्ताव था; यदि हां, तो अब तक उक्त मार्किटों को स्थानांतरित न किए जाने के क्या कारण हैं तथा उसका ब्यौरा क्या है ?

---

### सड़कों का निर्माण करना

***1667. श्री विनोद भ्याणा, एम०एल०ए०:** क्या उप–मुख्यमन्त्री कृपया बताएंगे कि–

(क) क्या यह तथ्य है कि हांसी से उमरा तक उमरा से कंवारी तक सड़क बुरी अवस्था में है; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त सड़कों के निर्माण का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा उपरोक्त सड़कों के कब तक निर्मित किए जाने की संभावना है ?

---

### बाई–पास का निर्माण करना

***1701. श्री जगदीश नायर, एम०एल०ए०:** क्या उप–मुख्यमन्त्री कृपया बताएंगे कि क्या होडल विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के हसनपुर शहर में बाई–पास निर्मित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उक्त बाई–पास के कब तक निर्मित किये जाने की संभावना है?

---

## होम गार्ड की संख्या बढ़ाना

***1587. श्री सीताराम यादव, एम०एल०ए०:** क्या गृह मंत्री कृपया बताएंगे कि–

(क) क्या यह तथ्य है कि राज्य में 1 नवम्बर,1966 में होमगार्डों की संख्या 14025 थी तथा आज तक भी वहीं है; तथा

(ख) यदि हाँ, तो राज्य में होम गार्डों की संख्या बढ़ाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा होम गार्डों की संख्या कब तक बढ़ाए जाने की संभावना है ?

---

## पेयजल की आपूर्ति करना

***1724. श्री मोहन लाल बडोली, एम०एल०ए०:** क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि–

(क) क्या दहीसारा में स्थित रैनीवेल से कुण्डली में पेयजल आपूर्ति करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) क्या जैनपुर, टिकोला तथा मेंहदीपुर में स्थित रैनीवेल से सोनीपत के विभिन्न सैक्टरों में पेयजल आपूर्ति करने का भी कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या हैं ?

---

## पुरानी सीवरेज तथा पीने के पानी की पाईप लाइन बदलना

***1659. श्री सुरेन्द्र पंवार, एम०एल०ए०:** क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि–

(क) क्या सोनीपत नगर निगम में 30 से 40 वर्ष पुरानी सीवरेज तथा पीने के पानी की पाईप लाईनों को बदलने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त प्रस्ताव को कब तक कार्यान्वित किए जाने की संभावना है तथा इसका ब्यौरा क्या है ?

---

## प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का दर्जा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के रूप में बढ़ाना

***1492. श्री शमशेर सिंह गोगी, एम०एल०ए०:** क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जुंडला का दर्जा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के रूप में बढ़ाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ?

---

## अवैध कालोनियों को नियमित करना

***1634. श्री रामकुमार गौतम, एम०एल०ए०:** क्या शहरी स्थानीय निकाय मन्त्री कृपया बताएंगे कि क्या राज्य में अवैध कालोनियों को नियमित करने के लिए कोई कानून/नीति/निर्देश/दिशा निर्देशों को लागू करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है तथा राज्य में उपरोक्त कानून/नीति/निर्देश/दिशा निर्देश कब तक लागू किए जाने की संभावना है ?

---

## अपराध के मामलों की संख्या

***1570. श्री चिरंजीव राव, एम०एल०ए०:** क्या गृह मंत्री कृपया बताएंगे कि–

(क) क्या यह तथ्य है कि राज्य में पिछले सात वर्षों में कानून व्यवस्था की स्थिति खराब हुई है;

(ख) यदि हां, तो राज्य में वर्ष 2014 से आज तक बलात्कार, अपहरण, हत्या, चोरी, रंगदारी तथा सड़क डकैतियों के कितने मामले हुए हैं; तथा

(ग) राज्य में बलात्कार विशेषकर नाबालिग लड़कियों के मामलों को रोकने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाये गए ?

---

## 100 गज प्लॉटों की संख्या

***1532. श्री राकेश दौलताबाद, एम०एल०ए०:** क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे कि वर्ष 2015–16 से 2021–2022 तक जिला गुरूग्राम में अनुसूचित जाति/अन्य पिछड़े वर्गों/बी.पी.एल. परिवारों को दिये गए 100–100 गज के प्लॉटों की वर्षवार कुल संख्या कितनी है ?

---

राजेन्द्र कुमार नांदल,<br>
सचिव,<br>
हरियाणा विधान सभा।

चण्डीगढ़:<br>
दिनांक 2 मार्च, 2022.

58551—H.V.S.—H.G.P., Chd.